हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 जनवरी 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 समीक्षा बैठक में अनुपस्थित तीन सीएचओ को जारी...



07 नगर और ग्रामीण सीमाओं पर बिना स्वीकृति...



### कलेक्टर-एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने सूर्य नमस्कार कर आमजन को दी प्रेरणा

# स्वस्थ्य तन-मन के लिए उत्साह और आनंद से परिपूर्ण होकर सभी ने किया सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार, 12 मुद्राएं दोहराकर स्वस्थ रहने का लिया संकल्प

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिले के नागरिकों द्वारा स्वस्थ तन और मन के लिए आनंद एवं उत्साह से परिपूर्ण होकर सूर्य नमस्कार किया गया। जिले की शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं छात्रवासों में विद्यार्थियों द्वारा कतारबद्ध होकर प्रार्थना मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजगांसन कर सूर्य नमस्कार के आसनो की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया, साथ ही अनुलोम, विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम कर सभी ने योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम स्थानीय थाना ग्राउंड पर आयोजित किया गया, जहां कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पत्रकारगण तथा आमजनता ने सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम स्थल पर स्वामी विवेकानंद के रिकॉर्डेड संदेश तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया, तत्पश्चात योगाचार्य के मार्गदर्शन में एक साथ सभी ने मिलकर सूर्य नमस्कार की क्रियाएं दोहराई।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा, जिला खेल अधिकारी शक्ति राउत, जनप्रतिनिधि सर्वश्री अशोक प्रजापत, रऊफ मुल्तानी, मोहन मकवाना, मनीष सोलंकी, जगदीश गवली, प्रभारी पीओ डूडा पवन फुल फकीर, योगाचार्य हरिश श्रीवास्तव, हरिनारायण यादव, दिलीप कारपेंटर सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सीएम राइज विद्यालय में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन



**नलखेड़ा।** सीएम राइज शासकीय कन्या उमा विद्यालय नलखेड़ा में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के पूजन-अर्चन के साथ हुई। मुख्यमंत्री के संदेश को सुनने के बाद रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम के साथ विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा निशा मालाकार, आरजू मंसूरी, नेहा वर्मा एवं तमन्ना कुम्भकार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रा पूनम जैन ने गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्य शान्तिलाल राठौर, शिक्षक मुकेश चौरसिया, प्रमोद शर्मा, जीशान अली, संजय वेदिया एवं बाबूलाल शर्मा ने स्वामी जी के अनमोल विचार, दर्शन एवं उनके जीवन से संबंधित महत्त्वपूर्ण संस्मरण सुनाए। सामूहिक सूर्य नमस्कार में विद्यालय के शिक्षक महेश शर्मा,महेश व्यास, सुनीता देशमुख, श्रेष्ठा चौरसिया, ममता पाटीदार एवं शिक्षक उपस्थित थे। सामूहिक सूर्य नमस्कार बाबूलाल शर्मा ने कराया एवं कार्यक्रम का संचालन मुकेश चौरसिया ने किया।

## मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय भाषण स्पर्धा का किया आयोजन



**नलखेड़ा।** नेहरू युवा केन्द्र आगर मालवा द्वारा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पूजा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली के निर्देशनुसार नेहरू युवा केन्द्र जिला-शाजापुर द्वारा जिला आगर मालवा मे बुधवार को स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय आगर मालवा में एक दिवसीय जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय आगर मालवा की प्राचार्या डॉ. शाहना कुरैशी एवं विशेष अतिथि शरद बंसल उपस्थित थे। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियो द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र का पुजन, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेवक श्रवणसिंह तंवर द्वारा उपस्थित अतिथियों का अपने विचारों से स्वागत किया गया। युवा मंडल के युवा सदस्य यश जाट एवं विकास पाटीदार द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगच्छ भेट कर स्वागत किया गया। स्वागत बेला के उपरांत केन्द्र राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेवक श्रवणसिंह तंवर द्वारा केन्द्र द्वारा वर्ष मे आयोजित किए जाने वाले नियमित एवं विशेष कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

भाषण प्रतियोगिता में आगर मालवा जिले के विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयों से आए 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे कमला सागर स्कूल के विद्यार्थी योगेंद्र सिंह, केशव पाटीदार, स्वीकृति जोशी, पायल पाटीदार और अनीता सिसोदिया ने उक्त विषय पर अपने विचारों को व्यक्त किया। केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता देश के सभी जिले में आयोजित की जा रही है। जिसमे सभी जिले के जिला स्तर से प्रथम पुरस्कार प्राप्त विजेता को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर पर विजेता युवा प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार एक लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार रूपये, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### युवा देश का भविष्य हैं

कार्यक्रम की विशेष अतिथि डॉ. शाहना कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और युवाओं को देश की उन्नति की ओर अग्रसर होकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक के रूप मे शासकीय उत्कृष्ठ उमा विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक दिलीप कुम्भकार, वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री हेमलता उमट एवं डॉ. अश्विनी चौहान उपस्थित थे।

## झीकड़िया में निकली अक्षत कलश यात्रा, घर-घर बांटे पीले चावल



**नलखेड़ा।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तहसील के ग्राम झीकड़िया में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए अभिमंत्रित अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम में घर-घर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को टीवी के माध्यम से देखने के लिए पीले चावल भी बांटे गए।ग्राम झीकड़िया में बैंड-बाजो व ढोल-ढमाकों के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में फूलों से सुसज्जित पालकी में राम-लक्ष्मण-सीता के वेश में बच्चे बैठे थे। वहीं अभिमंत्रित अक्षत कलश रखे गए थे जिनका घर- घर पूजन किया गया। ग्राम के मंदिर में भी अक्षत कलश का पूजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल ग्रामीणजन नाचते गाते चल रहे थे। इसी के साथ ग्राम में प्रत्येक घर पीले चावल बांटकर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने निमित्त अपने घरों पर दीपक लगाने, रांगोली से सजाने एवं मंदिरों में धार्मिक आयोजन के साथ ही समारोह को टीवी के माध्यम से देखने का आग्रह किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व महिलाएं शामिल थीं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले में दूसरे नंबर पर रहा नलखेड़ा

**नलखेड़ा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में केंद्र सरकार द्वारा द्वारा जारी रैंकिंग सूची में आगर जिले की 7 निकायों में नलखेड़ा तीसरे व 6 नगर परिषद में दूसरे नंबर पर रहा। भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में 25000 तक की जनसंख्या वाले उज्जैन डिविजन में आगर जिले की 7 निकायों में नलखेड़ा तीसरे व 6 नगर परिषद में दूसरे स्थान पर रहा एवं निकाय ने खुले में शौच मुक्त ओडीएफ++ का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## युवा दिवस के उपलक्ष्य में हुआ सूर्य नमस्कार

### स्वामी विवेकानंद के विचारों पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार सुबह 9 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा स्टाफ एवं विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया गया। सूर्य नमस्कार के बाद महाविद्यालय में डॉ. जीएल रावल की अध्यक्षता एवं खेल प्रशिक्षक अली अहमद खान के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। व्याख्यान माला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रावल एवं मुख्य अतिथि अली अहमद खान द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण, शिक्षाप्रद व्याख्यान एवं चरित्र को प्रस्तुत किया गया। डॉ. जितेंद्र चावरे द्वारा स्वामी जी के विचारों को जीवन में उतारकर किस प्रकार लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है इस संबंध में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अली अहमद खान द्वारा बीज में वृक्ष छुपा है और वृक्ष ही समाज के लिए परोपकार करता है। इस उद्देश्य के साथ विद्यार्थियों को समाज हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. रावल द्वारा विद्यार्थियों को गलत मार्गों को छोड़कर, सही मार्ग चुनकर, अपने लक्ष्य निर्धारित कर, जीवन को संयमित बनाकर लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. प्रेरणा पाठक द्वारा माना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीलवास में छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार और योग किया



**नलखेड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीलवास में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासन के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार एवं योग छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गिरिराज पाटीदार, सुनील जोशी, बालूराम मालवीय, रज्जाक मंसूरी, अशोक जायसवाल, वल्लभ पाटीदार, अनिता बैगाना, राजेश परमार, दीपेश जैन, हुकुम सिंह सिसोदिया एवं समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गली मोहल्ले में गूंज रही राम धुन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको लेकर पूरे देश भर में भारी उत्साह का माहौल है। जगह-जगह जन जागरण चल रहा है। इसको लेकर नगर वासियों द्वारा भी जन जागरण शुरू कर दिया है। रोजाना प्रातः 5 बजे नगर के प्राचीन शिवडेरा मंदिर से पूरे नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें शामिल विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता, समाजसेवियो व नगरवासियों द्वारा ढोल झांझ मजीरों की थाप पर रामधुन गाते हुए नृत्य करते हुए नगर वासियों को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जागरूक करते हैं। प्रभातफेरी नगर के शिवडेरा से प्रारंभ होती है जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः शिवडेरा पहुंची जहां पर प्रभात फेरी का समापन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 22 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी।



### महिलाएं भी रामधुन के साथ भजन करती निकल रही सड़कों पर

# ब्रह्म मुहूर्त में राम भक्त निकाल रहे प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे नलखेड़ा नगर सहित ग्रामीण अंचल में राम भक्तों का उत्साह परवान चढ़ रहा है। नगर में प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में निकलने वाली प्रभात फेरी में शीत लहर के बावजूद राम भक्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी अक्षत कलश यात्रा में ग्रामीण जन के साथ महिलाएं भी बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रही हैं।

### शीतलहर पर रामलहर भारी

शीतलहर के चलते जहां आमजन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है वहीं राम के मतवालों के लिए केवल और केवल राम नाम से काम। यही वजह है कि शीतलहर पर रामलहर भारी दिखाई दे रही है। और इस प्रकार का दृश्य नगर में प्रतिदिन दिखाई दे रहा है। ऐसे समय मे जब शीतलहर के चलते नागरिक घरों से निकलना भी मुनासिब नही समझ रहे हैं। ऐसी शीतलहर में प्रातः 5 बजे उठकर अपने नित्यकर्म से निवृत होकर 6 बजने के पूर्व नियत स्थान पर पहुंचकर प्रभातफेरी प्रारम्भ होने का इंतजार और फिर लगातार एक घंटे राम नाम की धुन के साथ नगर में भ्रमण करना। यह दिनचर्या नगर के सैकड़ो भक्तों की बन चुकी है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस शीतलहर में पुरुषों से अधिक उत्साह महिलाओं में दिखाई देना और उनकी संख्या भी अधिक रहना,राम कृपा के बगैर सम्भव दिखाई नही देता है।

प्रतिदिन महिलाएं भी राम धुन के साथ भजन करती नगर की सड़कों पर निकल रही हैं। राम मंदिर आंदोलन के समय जो जुनून, जो उत्साह आम लोगों में दिखाई दिया था वही जुनून, वही उत्साह इस समय नगर में फिर से दिखाई देने लगा है। सुबह प्रभातफेरी निकालना, दिन में राम लक्ष्मण की शोभायात्रा निकालना,मंदिरों में भजन कीर्तन करना जैसे धार्मिक आयोजनों से सम्पूर्ण नगर में मात्र रामलहर दिखाई दे रही है। इस रामलहर में ऊंच नीच,जाति भेद, अमीरी गरीबी कही भी दिखाई नही दे रही है। बच्चों से लगाकर बुजुर्गों तक केवल राम लला के आगमन का जश्न अपनी धार्मिक परंपराओं के अनुसार मनाने का जुनून सवार होता दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव में 135 युवाओं का प्राथमिक चयन

**देवास।** मल्हार स्मृति मंदिर देवास में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव में 10 निजी संस्थाओं द्वारा 135 आवेदको का प्राथमिक चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी देवास ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में स्वरोजगार रोजगार मार्गदर्शन के साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी योजनाओ की जानकारी दी गई। स्व रोजगार के लिए लोन के फार्म भरे गये। रोजगार मेले कुल 380 आवेदको पंजीयन कराया।

### वन विभाग के दल ने किया नीलगाय का रेस्क्यू, कुंए से निकाला

**देवास।** वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत वन विभाग के रेस्क्यू दल द्वारा ग्राम बालोदा में वन क्षेत्र से लगे हुए अशोक पटेल के कुवे में रात्रि में दो नीलगाय गिर गई थी। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार रेस्क्यू टीम देवास के एक्सपर्ट राजेश चौहान, अंकित मंडलोई, दिनेश चौधरी, मनीष परमार द्वारा रेस्क्यू कर नीलगाय को बाहर निकाला गया। बाहर निकलते ही वन्यप्राणी जंगल की ओर भाग गए। रेस्क्यू के दौरान राजेश चौहान को हाथ मे चोंट लग गई। रेस्क्यू दल द्वारा किये जा रहे सफलतम कार्य के लिए टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।जनाकारी हेमराज गोखले ने दी।

### सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

# समीक्षा बैठक में अनुपस्थित तीन सीएचओ को जारी किए कारण बताओ नोटिस

लेबर रूम में नार्मल और सिजेरियन डिलेवरी और हाई-रिस्क और रेफर सम्बंधित रिकार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती प्रसुताओं से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विष्णुलता उईके ने शुक्रवार जिला चिकित्सालय के लेबर रूम और एएनसी, पीएनसी वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया। लेबर रूम में नार्मल और सिजेरियन डिलेवरी और हाई-रिस्क और रेफर सम्बंधित रिकार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती प्रसुताओं से चर्चा की। निःशुल्क नास्ता भोजन मिला या नही, जांच उपचार दवाईया निःशुल्क मिली या नही, प्रसव के दौरान किसी चिकित्सक या स्टॉफ द्वारा रूपये की मांग तो नही कि गयी के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने लेबर रूम इंचार्ज और स्टॉफ को निर्देश दिये कि वार्ड में एक मरीज के साथ एक ही अटेण्डर साथ में रहे, बिना पास बाहरी व्यक्ति को प्रवेश ना दिया जाए। प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को सभी प्रकार कि निःशुल्क सेवा प्रदान की जाए। आयुष्मान कार्ड धारी गर्भवती महिला प्रसव के लिए आती है, उनका रिकार्ड रेफर और लामा केसेस की सूची बनाकर समीक्षा की जाये। सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोठा का औचक निरीक्षण के दौरान ओपीडी और वार्ड का निरीक्षण किया, चिकित्सक और स्टॉफ को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। सार्थक एप द्वारा ब्लॉक के सभी चिकित्सक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित दर्ज कर रहे उनका रिकार्ड देखा और सार्थक एप के माध्यम से सभी कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दियें।

बरोठा में ब्लॉक के समस्त हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर में पदस्थ सीएचओं की समीक्षा बैठक में टेली मेडिसीन, एनसीडी टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुसार उपलब्धि की समीक्षा की गयी। हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर दत्तोतर के सीएचओ प्रवीण चौरे, टिगरिया छोटा सीएचओ निखलेश चौधरी, बिजेपुर सीएचओ दीपक चौहान बिना अवकाश लिए बैठक में अनुपस्थित रहे और समीक्षा में इनकी राष्ट्रीय कार्यक्रमो में लक्ष्यपूर्ति लक्ष्य अनुरूप नहीं होने के कारण एक सप्ताह का वेतन काटने सम्बंधित कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही इनके सुपरवाईजर को निर्देश दियें कि इनके विगत एक माह के कार्य कि वर्क रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराये। सीएमएचओ ने निर्देश दियें कि कोई भी चिकित्सक कर्मचारी बिना पूर्व अवकाश स्वीकृत कराये फील्ड से अनुपस्थित पाया जाता है तो, नो वर्क नो पे आधार पर वेतन काटने और अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। सीएमएचओ ने कोल्ड चैन पॉइन्ट और उप स्वास्थ्य केन्द्र क्षिप्रा, टीकाकरण सत्र राजोदा का निरीक्षण किया।

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर दी जाने वाली सेवाओं के बारे मे स्वास्थ्य कार्यकर्ता से जानकारी ली। कोल्ड चैन पाईन्ट में वैक्सीन के रख रखाव और रिकार्ड देखा, टेली मेडिसीन, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुसार उपलब्धि की समीक्षा कर रिकार्ड देखा, गर्भवती महिलओं और बच्चों को ड्यू लिस्ट अनुसार समय पर सभी प्रकार के टीके लगाने और रिकार्ड अनमोल पार्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये।

# विधायक चौधरी के पास पहुंचे पीड़ित किसान

### इंदौर- बुधनी रेल परियोजना का है मामला




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंदौर- बुधनी विशेष रेल परियोजना से प्रभावित हाटपीपल्या विधानसभा के ग्रामीण किसान बडी संख्या में विधायक मनोज चौधरी के कार्यालय पर पहुंचे। हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम कनाडिया, रूपटा, दखनाखेडी, नावदाखेडी, मोलाय, चोबापिपल्या, मिर्जापुर, रावगढ़, अकबरपुर आदि स्थानों से बड़ी संख्या में किसान अपनी समस्या के निराकरण को लेकर विधायक चौधरी के पास आवेदन लेकर पहुंचे। किसानों ने बताया कि रेल परियोजना के अंतर्गत कृषि भूमि अधिग्रहण की जा रही है। कृषि भूमि का हमें सिर्फ दो गुना मुआवजा ही दिया जा रहा है। संभव हो सके रेल लाइन का रूट बदलकर शासकीय भूमि वन भूमि, बंजर भूमि की ओर किया जाए। पूर्व में इसी स्थान पर सर्वे किया गया था, जिसे विशेष कंपनियों को लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से निरस्त किया गया, जो न्यायोचित नहीं है। रेल्वे परियोजना के कारण किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि नष्ट हो जाएगी, जिससे हम किसानों को गरीब, भुखमरी एंव बेजरोजगारी का सामना करना पडेगा। किसानों की मांग है कि हमें कृषि भूमि के बदले उपजाऊ कृषि भूमि प्रदान की जाए। अन्यथा अधिग्रहण की गई जमीन के बदले दी जाने वाली राशि को वर्तमान बाजार मूल्य से 4 गुना दी जाए। जिन किसानों की भूमि अधिग्रहण की जा रही है उनके परिवारो के सदस्य, संतान को शैक्षणिक योग्यता अनुसार शासकीय नौकरी दी जावे। पीडित किसानों ने कहा कि यदि शीघ्र ही हमारी समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो हम सभी कृषक भोपाल व दिल्ली के लिए कुच करेंगे। किसानों की समस्या सुन विधायक चौधरी ने फोन पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता से चर्चा कर मामले का शीघ्र निराकरण करने को कहा। इस दौरान पीडित किसान उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब ने मनाई स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती



**देवास।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जन्म जयंती प्रेस क्लब देवास द्वारा स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। समाज को नई दिशा और युवाओं को एक सशक्त मार्ग प्रदान करने के स्वामी जी के उद्देश्यों को याद किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक विनोद जैन,अध्यक्ष अतुल बागलीकर उपाध्यक्ष शेखर कौशल,सचिव चेतन राठौड़, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मोदी, वरिष्ठ पत्रकार तरुण मेहता,सुरेश जयसवाल,राजेश मालवीय,आनंद सिंह ठाकुर, ललित शर्मा,अरुण परमार, फरीद खान,प्रिंस बैरागी,मुर्तुजा सैफी,राम मीणा, राजेंद्र पवार, रोहित उपाध्याय सहित पत्रकार साथी व समाजजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी सचिव चेतन राठौड़ ने दी।

### थाना सिविल लाइन का उत्कृष्ट थाना वर्ष 2023 में चयन




**देवास।** जुलाई माह में सीसीटीएनएस में दर्ज अपराधों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार गृह मंत्रालय के तत्वाधान में सर्वे टीम के द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में घटित होने वाले अपराधों एवं की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों तथा थाने के रखरखाव आदि के संबंध में कुछ उत्कृष्ट थानों का चयन किया गया था। जिसमे मध्य प्रदेश के दो थाने चयनित किए गए थे। चयनित थानों में एक थाना सिविल लाइंस जिला देवास का था। सर्वे टीम के द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर सभी मानकों पर खरा उतरते हुए जिला देवास के थाना सिविल लाइंस के द्वारा भारतवर्ष के उत्कृष्ट 10 थानों में स्थान प्राप्त किया गया। डीजी- आईजी कांफ्रेंस के दौरान जिला देवास द्वारा प्राप्त की गई इस उपलब्धि के संबंध में अवगत कराया गया।

# सड़क हादसे में एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड मौके पर पहुंची और घायलों को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया, जहां पर एक महिला को मृत घोषित किया गया।पुलिस चौकी कमलापुर क्षेत्र अंतर्गत हाईवे मार्ग पर स्थित शालिग्राम ढाबे के समीप एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे सवार सभी घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी मलखान सिंह भाटी मौके पर पहुंचे और घायलों को डायल हंड्रेड की मदद से शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया। हादसे में जानकारी के अनुसार केशु पिता दशरथ कौरकू, राधिका 5 वर्ष, पपीता बाई 30 वर्ष एवं दुर्गाबाई 50 वर्ष निवासी बावड़ीखेड़ा घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड चापड़ा पायलट संजय उपाध्याय, प्रभारी भूपेश बर्मन मौके पर पहुंचे और घायलों को शासकीय अस्पताल बागली लाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा दुर्गाबाई को अमृत घोषित कर दिया गया, वहीं मौका पंचनामा बनाकर मृतक के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जा शुरू कर दी है।

# सेन थॉम एकेडमी में मनाया वृद्धजनों का सम्मान कर परोपकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भोपाल रोड, देवास स्थित सेन थॉम एकेडमी में हृदयस्पर्शी 'परोपकार दिवस' गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम से समाज के वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित कर प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने पारंपरिक रोली चंदन से तिलक कर वरिष्ठ नागरिकों को पुष्प एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने पुराने गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। हास्य लघु नाटिका एवं विभिन्न खेलों का सबने जी भर कर लुत्फ उठाया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत 'ये तो सच है कि भगवान है...' उनके दिलों को छू गया।

कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों ने सभी विद्यार्थियों से बातचीत की और सबने अपने अनुभव को साझा किया। वृद्धाश्रम से पुष्पा जी द्वारा अपनी टीम के साथ अतिथियों के बीच दिए गए आशीर्वाद को गीत रूप में प्रस्तुत कर वहाँ मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया। एक अन्य वरिष्ठ नागरिक महादेव ने अपने भाषण में विद्यार्थियों के जीवन को पूर्णता से जीने के लिए प्रेरित किया। अंत में वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिनेश चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संदली सोनी एवं रवीना चौधरी ने किया। नित्या वैश्य द्वारा आभार व्यक्त किया।

# कमलापुर को मिली थाने की सौगात, जल्द शुरू होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली अनुविभाग के अंतर्गत एक नया पुलिस थाना अब बनने जा रहा है। बागली अनुविभाग की ग्राम पंचायत कमलापुर में संचालित पुलिस चौकी को अब पुलिस थाने में परिवर्तित कर दिया गया है।

जल्द ही यहां पर थाने का संचालन शुरू होगा , जिसको लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कमलापुर का निरीक्षण कर थाना संचालित करने के लिए जगह निर्धारित की जा रही है। बता दे की लंबे समय से कमलापुर में पुलिस थाना स्थापित करने की कार्यवाही चल रही थी, पूर्व विधायक पहाड़ सिंह कन्नौजे के प्रयास से यहां पर थाने की सौगात क्षेत्र को मिली है। वर्तमान में कमलापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 40 गांव आते हैं, थाना क्षेत्र बनने के बाद यहां पर गांव की संख्या भी बढ़ेगी और इस क्षेत्र को पुलिस प्रशासन की सुविधा भी आसानी से उपलब्ध होगी, वही पर्याप्त स्टाफ भी होगा।

हालांकि अभी नवीन कमलापुर पुलिस थाने का सीमांकन क्षेत्र स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है, थाने का संचालन होगा तभी सीमा कहां तक रहेगी और कितने गांव इसके दायरे में आएंगे यह स्पष्ट हो पाएगा। गुरुवार के दिन भी देवास पुलिस अधीक्षक ने कमलापुर पहुंचकर थाना संचालित करने के लिए शासकीय भवनो का निरीक्षण किया। इस क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से कमलापुर में पुलिस थाने की मांग कर रहे थे जो कि अब पूरी हुई है।जानकारी के अनुसार 26 जनवरी से यहां पर थाने का संचालन प्रारंभ होना बताया जा रहा है।

### अवल्दी और अमरपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत किया गया आयोजन

# उज्जवला योजना ने रसोई घर को किया धुंआ मुक्तः मंडल अध्यक्ष







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत पात्र गरीब परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं, कनेक्शन मिलने के बाद गरीब परिवारों का रसोईघर धुंआ मुक्त हुआ है। महिलाओं को अब रसोई घर में भोजन बनाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है, सरकार द्वारा निः शुल्क पात्रता रखने वाले परिवारों को गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

आज भी इस कार्यक्रम के माध्यम से उज्ज्वला योजना अंतर्गत हितग्राही को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है, उक्त बातें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत अमरपुरा में आयोजित कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा संगठन बागली मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कही गई। इस दौरान कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मरपुरा पंचायत परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें सांसद प्रतिनिधि बहादुर सिंह मुकाती, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत , सरपंच इजेन्द्र वास्कले, नप बागली अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ,जनपद सदस्य आशीष पाटीदार ,मानसिंह सेंधव की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग से आर पी कनेरिया,डा मनीष कुमार,डा सविता कुमारी, पंचायत विभाग से अनिता गवली, स्वास्थ्य विभाग से शिखा गुर्जर ,सुखराम बारुड,मंगलसिह मंडलोई उपस्थित रहे। पंचायत व्दारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सचिव दिनेश तंवर, सहायक सचिव हुकमसिंह सेंधव, अमित धूलिया, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, ललित चौहान, मुकेश पाटीदार, गोपाल मानधन्या, अंतरसिंह सेंधव आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत अवल्दी में हुआ कार्यक्रम

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आखिरी दौर चल रहा है, ऐसे में ग्राम पंचायत अवल्दी में भी शुक्रवार के दिन कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान टिकेन्द्र प्रताप सिहं, हरिसिंह सेंधव, जनपद सदस्य आशीष पाटीदार, जीवन सिहं पटेल,अशोक पटेल ,पवन राठौड़ , बद्रीलाल विश्वकर्मा ,हिमतसिहं सेंधव कि उपस्थित कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिथियों ने सरकार की योजनाओं के बारे जानकारी दी। पंचायत कि ओर से सभी अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष के भाषण के दौरान लाइट बंद हो जाने के कारण बिना माईक के तेज आवाज में भाषण देना पड़ा। महिला बाल विकास सुपरवाइजर अनामिका ठाकुर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में लाडली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र ववितरित किए गए। कार्यक्रम में जीवन गोस्वामी, नारायण सिंह सेंधव,पंकज धनगर, सरपंच कन्हैयालाल बामनिया, उपसरपंच कुमेरसिहं सेंधव, सचिव धनश्याम विश्वकर्मा, सहायक सचिव रवि मस्कोले उपस्थित रहे। संचालन नरेन्द्र सिंह सेंधव ने किया। आभार सचिव धनश्याम विश्वकर्मा ने व्यक्त किया। शिक्षक, शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। साथी ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

# बाबा खाटू श्याम के कीर्तन में देर रात तक झूमे श्याम प्रेमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली मार्ग स्थित सोसायटी के सामने गुरुवार रात्रि को बाबा खाटू श्याम के भव्य कीर्तन का आयोजन हुआ। आयोजन में इटारसी से पधारी भजन गायिका कृतिका मालवीय ने राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी के भजन पर भगत झूम उठे व भोपाल से प्रिया गुप्ता ने ब्रज में होली रे रासिया, भजन पर श्याम प्रेमियों ने आनंद लिए।

वही सोनकच्छ से यशवंत चावड़ा ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी। सोनकछ नरेश द्वारा बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया। वही कड़ाके की ठंड में हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों ने करीब देर रात 2 बजे तक भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या में श्याम प्रेमियों का कहना था की यह कीर्तन लगातार 3 वर्षों से होता आ रहा है।

आगे भी हर वर्ष 11 जनवरी को कीर्तन करवाया जाएगा। गांव के ही कुछ खाटू प्रेमियों ने खाटू धाम पहुंचकर बाबा को निमंत्रण दिया। यह कीर्तन श्याम प्रेमियों की आस्था का केंद्र रहा और दूर-दूर से श्याम प्रेमियों ने कीर्तन में पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाई।

खबर संक्षेप

## आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने ससंघ किया मंगल विहार



**आष्टा।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ मंगल विहार में हरियाणा के कासन तक नगर के युवा समाजसेवी शैलेन्द्र जैन शिल्पा, प्रमोद जैन, अंजली जैन, पारसमल जैन टीम के साथ शामिल हुए। विदित रहे कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर के अरिहंतपुरम अलीपुर चंद्र प्रभु मंदिर का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सन 2014 में हुआ था। उक्त पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन शिल्पा थे। ऐतिहासिक पंचकल्याणक आचार्य भगवंत के ससंघ पावन सानिध्य में हुआ था।12 जनवरी से धारुहेड़ा में पंचकल्याणक आचार्य भगवंत विशुद्ध सागर महाराज के परम सानिध्य में होगा।

## इस बार बोर्ड परीक्षा में झूठे पेपर वायरल करने पर होगी कार्रवाई

**आष्टा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा इस वर्ष आयोजित हायर सेकंडरी और हाईस्कूल की परीक्षा में प्रतियोगी परीक्षा जैसी सख्ती की जाएगी। थाने से परीक्षा केंद्र तक पेपर पहुंचने के ट्रेकिंग एप के द्वारा की जाएगी। पेपर लेने थाने पहुंचने पर सेल्फी लेकर एप पर अपलोड करनी होगी। पेपर के लिफाफे अब कक्ष में ही खोले जाएंगे। इससे पहले ही विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में एंट्री लेना होगी। अब केंद्राध्यक्ष से 10 से 15 मिनट देर से पहुंचने की रियायत देने का अधिकार भी छीन लिया गया है। विद्यार्थी को तय समय पर ही परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष भी मोबाइल नहीं रख पाएंगे, जो पुलिसकर्मी अंदर होंगे उन पर भी मोबाइल नहीं होगा, सिर्फ परीक्षा केंद्र से बाहर रहने वाले पुलिसकर्मी और कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाइल फोन रखने की पात्रता होगी। परीक्षा में गोपनीयता को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के अफसरों ने सभी संभाग के संयुक्त संचालक, जिलों के डीईओ की बैठक में परीक्षा में गोपनीयता संबंधी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि पिछली बार प्रदेश में परीक्षा के दौरान केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष के मोबाइल फोन से ही परीक्षा के कुछ समय पहले पेपर वायरल कर दिए गए थे। इसके बाद इन अफसरों पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड किया गया था और एफआईआर भी दर्ज हुई थी। गोपनीयता भंग न हो इसलिए इस बार अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे।

### बगैर डेवलपमेंट के बेचे जा रहे प्लाट, फिर गायब हो जाते है कॉलोनाइजर

# नगर और ग्रामीण सीमाओं पर बिना स्वीकृति कच्ची सड़कें बनाकर काटे जा रहे प्लॉट



**आष्टा।** कृषि उपज मंडी के पीछे इस तरह काटी जा रही कॉलोनी।

### अधिकारी बेखबर - नगर में फिर से अवैध कॉलोनियों का खेल फिर हुआ शूरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





सपनों के के लुटेरों के खिलाफ हरि भूमि का अभियान

नगर में पुनः अवैध कॉलोनियों में प्लॉट काटकर बेचने का खेल फिर शुरू हो गया है। बिना किसी अनुमति और सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति लिए बिना ही नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की सीमाओं में मुरम-मिट्टी से कच्ची सड़कें बनाकर इन अवैध कॉलोनियों में भोले भाले लोगों से मोटी रकम लेकर प्लाट बेचने का खेल शुरू हो गया है और प्रशासन एवं नगर पालिका को इसकी भनक तक नहीं है। जबकि हरिभूमि की मुहिम पर पहले भी नगर में अवैध कॉलोनियां काटे जाने के मामले में भूमि मालिकों पर मामले दर्ज हो चुके है। लेकीन कॉलोनाइजर हर बार की तरह कार्रवाई से बच निकलते ऐसे में इन कालोनाइजरों पर ठोस कार्यवाही नही होने से फिर से अवैध कालोनियों का खेल शूरू हों चुका है।

बगैर डेवलपमेंट के बेचे जा रहे प्लाट, फिर गायब हो जाते है कालोनाइजरनगरीय क्षेत्र के अलावा आसपास के इलाकों में अवैध कॉलोनियां बसा कर इन पर प्लॉट काट दिए हैं। बाकायदा चूने से लाइन और पत्थर गाड़ कर प्लॉट निर्धारित किए हैं। और हालत ऐसे है की शहर का ऐसा कोई इलाका नही बचा की जहां इन कालोनाइजरों ने अवैध कालोनियों का निर्माण नही किया हो;शहर में सबसे ज्यादा सेमनरी रोड़, घनश्यामपूरा, मुगली रोड़, कन्नोद रोड, थाने के सामने, कृषि उपज मंडी के पिछे, सुभाष नगर के पिछे, अलीपुर, डोराबाद रोड़, डाबरी रोड़ सहित कई अन्य इलाकों में भी अवैध कॉलोनियां बेखौफ होकर काटी जा रही हैं।

लिहाजा अवैध कालोनाइजर भोले भाले प्लॉट लेने वाले लोगों को भी गुमराह कर कलोनियो में डेवलपमेंट के बड़े बड़े सपने दिखा कर वैध कालोनी बताकर प्लाट बेच रहे है लोगों को इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं होने पर वे भी इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीद रहे हैं। खास बात तो यह है कि प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# जिपं चुनावः 4 ने नाम लिए वापस, 9 प्रत्याशी हैं मैदान

### सभी को चुनाव चिन्ह किए आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




बुधवार 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 के 13 अभ्यार्थियों में से 4 अभ्यार्थियों ने अपने नाम वापस लिए हैं। अब चुनावी समर में 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन सभी को चुनाव चीन आवंटित कर दिए गए हैं चुनाव लड़ने वालों में इंजीनियर महेंद्र सिंह भी शामिल है, जो विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के सुपुत्र हैं।

नाम वापसी के लिए दोनों राजनीतिक दलों के जिम्मेदार नेताओं ने प्रभावी पहल नहीं की, अन्यथा और भी नाम वापस हो जाते। मतदान 27 जनवरी को होगा।

विधायक बनने पर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर का वार्ड क्रमांक 8 जिला पंचायत सदस्य का वार्ड रिक्त होने पर चुनाव प्रक्रिया चुनाव आयोग के निर्देशानुसार की गई। उक्त वार्ड में चुनाव हेतु एक महिला सहित 14 लोगों ने नामांकन फार्म जमा किए थे। जांच के दौरान एक नामांकन फॉर्म नो - डयूज नहीं देने पर निरस्त किया गया था। शेष 13 प्रत्याशियों में से 4 ने नाम वापस लिए हैं।उसके पश्चात चुनाव की स्थिति स्पष्ट हो गई। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने बताया कि चुनावी समर में शेष रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए जो इस प्रकार है

देवकरण सिंह तीर कमान, धर्मेंद्र परमार दो पत्तियां, दिलीप सिंह गोयल उगता सूरज ,कमल सिंह पतंग, इंजीनियर महेंद्र सिंह छाता ,नाथू सिंह परमार गाड़ी, राजकुमार लालटेन, सेवालाल सोलंकी फावड़ा और बेलचा, सुनील कुमार बिजली का बल्ब। श्री राजावत ने बताया कि उक्त जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान 27 जनवरी को ईव्हीएम से प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा।

# विहिप कार्यकर्ताओं ने घर-घर दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण देने का सिलसिला जारी है। बुधवार को ग्राम खाचरोद में विश्व हिंदू परिषद वह बजरंग दल द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत वह पत्रक ग्राम में घर-घर जाकर वितरित किए गए। इसी के साथ ही घरों के बाहर पांच दीपक और रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर लल्लू जाट, रेवा शंकर जाट, गणेश जाट, बलराम जाट, राहुल जाट, सोहन सोनी, कैलाश बैरागी, अनिल जाट, अरुण जाट, राहुल जाट, धर्मेंद्र जाट आदि लोग उपस्थित थे।

# वार्ड 18 में राम भक्तों ने ढोल-बाजे के साथ घर-घर पहुंचकर दिए अक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



घर-घर अक्षत वितरण में बच्चों से लेकर बड़े बूढ़े भी इस कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं. यहां तक कि महिलाएं भी घर घर जाकर अक्षत और श्रीराम की अयोध्या की फोटो वितरण कर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रही हैं।

इस दौरान मंगलवार को शहर के वार्ड 18 में साई कालोनी, चाचा की बगिया में बाबा रामदेव महिला मंडल ने अक्षत वितरण किए। जिसमे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं स्वयं सेवक संघ के साथ वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत वितरित किए गए। इस दौरान बाबा रामदेव महिला मंडल की नीलिमा बैरागी, रानी राठौर, कला मेवाड़ा, विद्या परमार, कमला मेवाडा, लीला मेवाड़ा, ममता मेवाड़ा, ईश्वर मेवाडा,वार्ड 18 की पार्षद लता तेजपालकल्लू मुकाती, मनोहर भोजवानी, मनोहर बैरागी, ईश्वर मेवाड़ा सहित कई लोग मोजूद रहे।

## 356 क्रांतिकारियों को शहीद समाधी स्थल पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर स्थित शहीदों के समाधि स्थल पर आगामी 14 जनवरी रविवार को पुष्पांजली समारोह का आयोजन रखा गया है। भारतीय इतिहास की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में शहीद हुए सैनिकों की समाधि स्थल पर सुबह 10.30 बजे पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शहीद सिपाही बहादुर स्मारक निर्माण समिति के अध्यक्ष ओमदीप महामंत्री आनन्द गॉधी ने नगर के सभी वर्ग के लोगों से इस दिन बड़ी संख्या में समाधी स्थल पर पहुँचकर अपने स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों का स्मरण करने का आव्हान किया है। स्वतंत्रता आंदोलन से समृद्ध सीहोर नगर में भी अंग्रेजी शासन काल के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ अनेक आंदोलन हुए थे। भारतीय इतिहास में सन 1857 में पहला स्वतंत्रता आंदोलन हुआ था। इसी आंदोलन में सीहोर नगर की तत्कालीन सैनिक छावनी के सैनिकों ने भी अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। प्रतिवर्ष 14 जनवरी को शहीद सिपाहियों की सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित समाधियों पर पुष्पांजली का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# सुरक्षित यात्रा और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम (एम.पी.आर.डी. सी.) के निर्देशन में डोडी पंचायत प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों व यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत कराया। डीबीसीपी एल प्रशासन सुरक्षित यात्रा व सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने एवं नियम पालन करने का निवेदन किया जा रहा है।

देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन से लगे पंचायतों के साथ मिल कर वाहन चालकों से सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है तथा नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल दे कर सम्मान कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पंचायतों प्रतिनिधियों के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु जिसकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना से अवगत करा रही है।

देवास भोपाल फोर लेन सड़क सुरक्षा नियमों को वाहन चालकों के मध्य साझा करने के साथ जगह जगह सुरक्षा एहतियात नुक्कड़ सभा आयोजित कर रही है। डीबीसीपीएल सी एस आर प्रशासन का उद्देश्य समाज की दुर्घटना से रक्षा एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है ताकी वाहन चालक व आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो साथ ही वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपका कर नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फुल व ग्रीटिंग काड्‌र्स दे कर सम्मानित कर रही है। साथ में हेलमेट, गतिसीमा, चौराहा पर सावधानी आदी नियमों को समझा रही है, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर डीबीसीपी एल मेंटेनेंस अधिकारी पियूष सिंह, सीएसआर प्रबन्धक, डोडी पंचायत के करन सिंह मामा, रतन सिंह जी, अर्जुन सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम सोलंकी, बाबुलाल सेन, घनश्याम परमार और कई वाहन चालक व नागरिक उपस्थित थे।

# राम भक्त घर-घर जाकर दे रहे कार्यक्रम का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



अयोध्या में चल रही भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण घर-घर पहुंचने का प्रयास संघ के कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों द्वारा हर घर निमंत्रण दिया जा रहा है। नगर के युवा राम भक्त टीम द्वारा घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रत्येक घर जो सनातनी है उनके घर ढोल बजाते हुए श्री राम जय जय जय राम गाते और भजन मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे, जैसे भजन गाते हुए। भगवान श्री राम का ध्वज लेकर घर-घर पीले चावल, राम मंदिर का चित्र, एक राम मंदिर का स्टीकर हर घर तक दिया जा रहा है। साथी सभी नगर के नागरिकों से कह रहे हैं कि यह कार्य दीप उत्सव की तरह मनाने का काम करें, 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसे समय से लेकर हमको हमारे गांव शहर, कस्बा एवं वार्ड को ही अयोध्या बनाना है। हर घर दीप ले मंदिरों में साज सज्जा हो और मंदिरों में भजन कीर्तन, हवन आदि का कार्यक्रम, ऐसा प्रयास करें, प्रतिदिन नगर के युवा राम भक्त एवं वरिष्ठ घर-घर अक्षत कलश लेकर घर-घर जा रहे हैं, नगर में हर्ष का माहौल बना हुआ है, वही नगर के वरिष्ठ एवं राम भक्त हनुमान मंदिर पवन चौक से प्रातः 4 बजे से प्रभात फेरी भगवान के भजनों के साथ निकलते हैं अतः प्रमुख मार्गो से होते हुए पवन चौक पर पहुंच जाते हैं।

### विधानसभा के ग्राम पर्व में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर आई खुशीः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



आष्टा विधानसभा के ग्राम पर्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष रुपेश पटेल उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के चेहरे पर अगर आज खुशी है तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी की वजह से है पार्टी के नेताओं ने जो विकसित भारत का एक सपना देखा था जो संकल्प 1980 में लिया गया था आज मोदी सरकार में वह सभी संकल्प पूरे हो रहे हैं प्रदेश और केंद्र सरकार की योजना घर-घर तक पहुंच रही है जब जब भी देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब भारतीय जनता पार्टी ने देश को निडर नेता दिए हैं और सशक्त भारत के निर्माण किया है।

आज मोदी जी की ईमानदारी और उनकी राष्ट्र हित और जन हितेषी नीतियों के कारण ही समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार के द्वारा दिए जा रहे लाभ पहुंच रहे हैं कार्यक्रम में कैलाश जी पटेल जनपद सदस्य भील खेड़ी ज्ञान सिंह जी मंडलोई जनपद सदस्य और तहसीलदार मुकेश सांवले ने भी अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम में ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों को पत्रक बांटे इसके बाद मोदी जी की गारंटी वेन के द्वारा सभी ग्राम वासियों को कार्यक्रम दिखाया गया।

# एसडीएम सहित अधिकारियों को सौंपे अयोध्या के पूजित अक्षत व आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



**आष्टा।** प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रण पत्र देते हुए।

विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने के लिए पूजित अक्षत पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य अलग-अलग टीमों द्वारा किया जा रहा है ।

विश्व हिंदू परिषद के गोपाल दास राठी के नेतृत्व में बुधवार को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ आदि को अक्षत एवं आमंत्रण पत्र सौंपे गए। आज अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक लेकर प्रांत सह मंत्री सुनील शर्मा , प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, प्रखंड नगर के कार्यकर्ता द्वारा एसडीएम आनंदसिंह राजावत, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, थाना पार्वती शुक्ला एवं वरिष्ठ नागरिको को अयोध्या के रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया गया। साथी लोगों से कहा कि इसे यादगार के रूप में अपने घर के पूजा स्थल में सहेज कर रखें।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही व त्रुटियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# गलत सीमांकन पर आरआई और पटवारी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण आदि के मामलों में पटवारियों, आरई (राजस्व निरीक्षक) द्वारा अक्सर सांठगांठ कर गलत रिपोर्ट तैयार करने के मामले सामने आते रहते हैं। जबकि, स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व से जुड़े कार्यों में किसी तरह की कोई लापरवाही न की जाए। इसके बाद भी राजगढ़ अनुभाग के आरआई और हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन के एक मामले में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई। बाद में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जब दूसरे दल से जांच करवाई तो सीमांकन रिपोर्ट में खामियां मिली। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीक्षित के निर्देशों पर आरआई और पटवारी दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।




### क्या था पूरा मामला

एक आवेदक ने राजगढ़ तहसील के बाराद्धारी क्षेत्र में अपनी जमीन के सीमांकन का आवेदन दिया था। इस पर राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाष चैधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा द्वारा आवेदक को कब्जा अनुसार चतुर्सीमाएं बताई गईं। इसके साथ ही अपने प्रतिवेदन में यह भी बताया कि आसपास अन्य किसी कब्जा नहीं है।

इस सीमांकन की जांच कलेक्टर ने पुनः अधीक्षक, भू-अभिलेख द्वारा करवाई। दिनांक 20.12.2023 को दल द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 4/2/2/1 का पुनः सीमांकन करवाया गया। इस दूसरी जांच में पाया गया कि भूमि सर्वे क्रमांक 4/2/2 पर रकबा 0.083 पर धीरप सिंह एवं 0.097 हैक्टेयर भूमि पर शिवधाम कॉलोनी का कब्जा होकर बाउन्ड्रीवाल बनाई गई है। इस प्रकार राजस्व निरीक्षक चौधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा द्वारा किया गया पहला सीमांकन त्रुटिपूर्ण पाया गया। इस त्रुटि पर राजगढ़ एसडीएम ने प्रतिवेदन तैयार कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रेषित किया। कलेक्टर ने शासकीय कार्यों में रुचि न लेकर इस तरह की गंभीर लापरवाही करने के मामले में आरआई ओमप्रकाश चौधरी एवं पटवारी बद्रीलाल वर्मा दोनों को मप्र सिविल सेवा आचरण के तहत दोषी पाते हुए सस्पेंड कर दिया है।

### पटवारी पर भी पूर्व से हैं निर्देशों की अवहेलना के आरोप

पटवारी वर्मा के निलंबन आदेश में यह भी उल्लेख है कि पूर्व मे रेलवे में हुए अवार्ड के नक्शे में अमल किए जाने के निर्देश उनको अधिकारियों ने दिए थे। किन्तु वर्मा ने उक्त निर्देशों का आज दिनांक तक पालन नहीं किया। निलंबन अवधि में पटवारी का वर्मा का मुख्यालय मुख्यालय कालीपीठ नायब तहसीलदार नियत किया गया है। इसी तरह आरआई चौधरी का मुख्यालय एसएलआर कार्यालय नियत किया गया है। दोनों निलंबितों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### पूर्व में भी रिश्वत मामले में फंसे चुके हैं निलंबित आरआई

गलत सीमांकन के उक्त मामले में दोषी पाए गए आरआई ओमप्रकाश चौधरी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक हितग्राही से रिश्वत लेने के मामले में फंस चुके हैं। उस समय वे ब्यावरा अनुभाग में पदस्थ थे। जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई और बाद में राजगढ़ अनुभाग का आरआई बनाया गया था।

# संबल योजना और सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही, पांच सचिव निलंबित

## कलेक्टर के निर्देशों पर जिपं सीईओ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासन की दो महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर 5 विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर के अनुमोदन उपरान्त जिला पंचायत सीईओ अक्षय तेम्रवाल ने पांचों सचिवों को निलंबित कर दिया है। जनकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत मृतक के वैध वारिसों को अंत्येष्टी सहायता का लाभ न देने एवं सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का निर्धारित अवधि में निराकरण नहीं करने पर पांच सचिवों पर निलंबन की गाज गिरी है। निलंबित हुए सचिवों में सुजान सिंह चैहान तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत दराना वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत झिरी, पीरूलाल कटारिया सचिव ग्राम पंचायत पांदा, धर्मराज यादव सचिव ग्राम पंचायत संडावता, पप्पूलाल धनगर सचिव ग्राम पंचायत कांकरिया मीना एवं बृजराज सिंह उमठ सचिव ग्राम पंचायत बाबल्दा सारंगपुर शामिल हैं।




# राजगढ़ व खिलचीपुर की 20 पंचायतों पर निकली 26 लाख रुपए की वसूली

## पानी का उपयोग कर रही पंचायतें लेकिन नहीं भर रही देयक राशि

**राजगढ़।** हर घर नल से जल पहुंचाने मप्र शासन की जल जीवन मिशन योजना के तहत अब गांव-गांव, घर-घर नलों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्राम पंचायतें पानी का उपयोग तो कर रही हैं लेकिन उनके द्वारा जल निगम की देयक राशि अर्से से जमा नहीं करवाई जा रही है। ऐसे में जल निगम क्रियान्वयन ईकाई राजगढ़ के प्रस्ताव अनुसार राजगढ़ जनपद पंचायत की 14 एवं खिलचीपुर जनपद की 6 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव को धारा-89 के तहत करीब 26 लाख 94 हजार की वसूली के नोटिस जारी किए गए हैं। अगर तय समय में ग्राम पंचायतों ने यह राशि जमा नहीं करवाई तो आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### किस ग्राम पंचायत पर कितना बकाया

राजगढ़ की बखेड़ पंचायत पर 1 लस,स 94537, बांसखेड़ा पंचायत पर 1 लाख 56 हजार 648, चाटूखेड़ा पंचायत पर 2 लाख 44 हजार 537, चैतरा पंचायत पर 65 हजार 759, गोरखपुरा पंचायत पर 1 लाख 64 हजार 717, हताईखेड़ा पंचायत पर 1 लाख 31 हजार 649, कल्पोनी पंचायत पर 1 लाख 52 हजार 641, खेड़ी पाका पंचायत पर 47 हजार 717, खैरासी पंचायत पर 85 हजार 543, लाख्या पंचायत पर 1 लाख 46 हजार 027, लिम्बोदा पंचायत पर 2 लाख 21 हजार 585, राजपुरा पर 88 हजार 464, रोज्या पर 1 लाख 37 हजार 040, सुस्तानी पंचायत पर 1 लाख 79 हजार बकाया हैं। इसी तरह खिलचीपुर जपं की ग्रापं बड़बेली पर 62904, बामनगांव पर 1 लाख 45 हजार 373, भादाहेड़ी पंचायत पर 1 लाख 35681, देवलीसांगा पंचायत पर 1 लाख 29 हजार, गाड़ाहेट पंचायत पर 57 हजार 397 एवं सोनखेड़ाकला पंचायत पर 1 लाख 47 हजार रुपए बकाया हैं।

# घर के बरामदे में खड़ी 2 बाइक सहित एक ऑटो रिक्शा चोरी

### वाल्मीकि कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी की घटना

**राजगढ़।** बीते दिनों नगर के विभिन्न मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के बाद अब शहर में मोटर साइकिलों की चोरी के मामले में सामने आ रहे हैं। बीती रात्रि स्थानीय वाल्मीकि कॉलोनी में दो अलग-अलग घरों के बरामदों में खड़ी मोटर साइकिलों को चोर चुरा ले गए। इसी तरह तीन दिवस पूर्व नगर से एक ऑटो रिक्षा भी चोरी हुआ है। पीड़तिों ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने थाने में आवेदन दिए हैं। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि कॉलोनी निवासी सफाई कर्मचारी गोविंदा धोलपुरिया की बाईक घर के बरामदे में खड़ी थी। अज्ञात चोरों ने इसे चुरा लिया। इसी तरह वाल्मीकि कॉलोनी के समीप की ही इंदिरा कॉलोनी निवासी राहुल पिता रोड़ेलाल की मोटर साइकिल भी अज्ञात बदमाष चुरा ले गए। आवेदकों ने अपनी मोटर साइकिलों को काफी खोजा लेकिन न मिलने पर थाने पहुंचकर षिकायत दर्ज करवाई। इसी तरह तीन दिन पहले पोस्ट ऑफिस के समीप खड़ा शाहिद खान का ऑटो भी चोरी हुआ है। तीनों मामलों में पुलिस जांच-पड़ताल में लगी हुई है।




# मां तुझे प्रणाम यात्रा के लिए चयन

**सारंगपुर ।** स्पोर्ट्स क्लब सारंगपुर की 4 खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मां तुझे प्रणाम यात्रा जो गुजरात जाना है खेल विभाग कोच भारत भेरवे ने बताया की यात्रा की प्रभारी शर्मिला डावर संभागीय अधिकारी खेल एव युवा कल्याण विभाग राजगढ़ के कुशल नेतृत्व में पूरे प्रदेश से 150 बालिकाएं मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी सभी बालिकाओ का स्वागत विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल व युवा नेता योगेश माहेश्वरी ने बस स्टैंड पहुंच कर किया व शुभकामनाए दी बालिकाओं में अंजली गोस्वामी पिता संजय गोस्वामी कोमल गोयल पिता रामस्वरूप गोयल दीपिका जाटव पिता मदनलाल जाटव प्राची जयसवाल पिता संजय जयसवाल का चयन हुआ है बालिकाओं की इस उपलब्धि पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एव तकनीकी शिक्षा रोजगार गोतम टेंटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार ब्लाक समन्वय लाल सिंह लोधा रजत शर्मा रोबिन राजू निलेश गोड राहुल गोड विष्णु लववंशी अभिषेक बडगोतीया निखिल भेरवे नमन गुप्ता देव गिरजे तोहिद खान आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



## नपा ने युवा दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन



**कुरावर।** नगर में गुरुवार को दोपहर 2 बजे के करीब शासकीय हाई सेकंडरी विद्यालय प्रांगण में युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के पर्व पर राज्य शासन के निर्देश अनुसार नगर परिषद द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई खो-खो रास्ता रस्साकसी एवं चम्मच रेस कक्षा नवी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा किस खेल को प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, हायर सेकंडरी विद्यालय की प्रचार्या अल्बीना टोप्पो ने आयोजन में शामिल छात्र-छात्राओं से परिचय कर किया गया आयोजन के नोडल अधिकारी गोपाल सक्सेना, संदीप पाटीदार, रवि नाहर ,सत्यम तिवारी, कैलाश पवार, धीरज पाल, महेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# छापीहेड़ा की कोमल ने की चार्टड एकाउंटेट की परीक्षा उत्तीर्ण

### इंदौर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मुंबई के ठाणे से कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



नगर छापीहेड़ा का नाम रोशन करने में बेटियां सबसे आगे हैं। अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता के सम्मान में लगातार प्रतिदिन 13 घंटे शिक्षा को अनुग्रहित करने में सार्थक समय व्यतीत करना ही अपना मुख्य उद्देश्य बनाया। क्योंकि मन में जो सपना साकार करने की ठान लेते फिर वह पीछे नहीं रहते ऐसा ही उदाहरण कोमल गुप्ता ने कर दिखाया छापीहेड़ा के व्यावसायिक राजेश गुप्ता माता भावना गुप्ता की बिटिया ने जब सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंदौर शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दिखाया । अपने माता-पिता तथा नगर का नाम रोशन किया जिसकी बड़ी बहन वर्तमान में चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर मुंबई के ठाणे शहर में कार्यरत है। वह बताती है कि जब-जब शिक्षा को अनुग्रहित करने में मेरे को बाधा आती थी तब तब मेरी बड़ी बहन ने दूरभाष के माध्यम से मार्गदर्शन देकर सार्थक रूप से उन बाधाओ को दूर किया उसी के परिणाम स्वरूप मेरी सफलता में बड़ी बहन के साथ-साथ मेरे माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा सभी शुभचिंतकों ने मेरी ईस सफलता पर बहुत-बहुत बधाई प्रेषित की।

# मनकामनेश्वर मंदिर भोले डोंगरी पर हुआ भंडारे का आयोजन

**कालापीपल।** शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार की ओर से अरनियाकलां मंडल के अलीसरिया ग्राम स्थित मनकामनेश्वर मंदिर भोले डोंगरी पर भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने करीबन 12 बजे मनकामनेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया, तत्पश्चात भंडारे में आगंतुक अतिथियों व भाजपा कार्यकर्ताओं से बधाई का दौर प्रारंभ हुआ। शुभचिंतकों ने परमार को मध्यप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाईयां प्रेषित की। उनकी ओर से आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभचिंतकों द्वारा कैबिनेट मंत्री का मंदिर प्रांगण में तुलादान भी करवाया गया। मंत्री परमार ने समस्त लोगों का आभार प्रकट किया। और क्षेत्र के विकास से संबंधित बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने मंदिर के स्वागत द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया।





**22 जनवरी को नगर के प्रत्येक मंदिरों में होगी विशेष साज -सज्जा**

# श्रीराम लला अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सामूहिक बैठक की आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

22 जनवरी को श्रीराम लला अयोध्या मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष मे नगर के सभी मंदिरों देव स्थानों के पुजारियों पण्डित और समिति जनो कि सामूहिक बैठक खिलचीपुर के इमली स्टेण्ड स्तिथ गौतम आश्रम मे संपन्न हुई जिसमे मन्दिर साज सज्जा सफाई पुताई एवं 22 जनवरी को मन्दिर मे क्या आयोजन होगा उसके सहित अन्य चर्चा हुई जिसमे खाण्डी बावड़ी मन्दिर कि बड़ी समस्या आई है। मन्दिर के पुजारी ने बताया कि मन्दिर के मुख्य रास्ते पर खुले मे शौच बड़ी संख्या मे होता है। जिसके कारण श्रद्धालु जन बदबू से परेशान होते है,इस जानकारी को जब बैठक मे रखा जिससे सभी जनो को नाराजगी हुई इस दौरान खिलचीपुर एस डी एम अंकिता जैन को आवेदन लिखा । बैठक में उपस्थित वरिष्ठ जन सहित विहिप जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष एवं अक्षत वितरण कार्यक्रम प्रखण्ड संयोजक बीरम विश्वकर्मा आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म व नंदोत्सव का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

बड़ौदिया बड़ली माता मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में ब्यावरा से पधारे कथाव्यास सतीश नागर के द्वारा कथा के चैथे दिन गुरुवार को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कथा का पूजन आचार्य सतीश नागर के द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में गुरुवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर फल फ्रुट का प्रसाद वितरण किया गया भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। कथा सुनने के लिए 40 गांव के पुरुष एंव महिलाएं आते हैं और धर्म का लाभ उठाते है।



# अक्षत वितरण अभियान के तहत घर घर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अक्षत वितरण अभियान के तहत तृतीय दिवस में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राजगढ़ के द्वारा वार्ड नंबर 4 कालाखेत मे विश्व हिंदू परिषद एवं रामधुन लागी भक्ति संस्थान के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर राम नाम के जय घोष के साथ समस्त कलाखेत के रहवासियों के घर घर जाकर अक्षत वितरण एवं राम मंदिर के लिए निमंत्रण दिया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला सत्संग प्रमुख पं. गगन दुबे, जिला धर्मस्य प्रमुख पंडित आचार्य अमित तिवारी, प्रखंड मंत्री हरीश सेन, प्रखंड सत्संग प्रमुख बालकृष्ण मेवाड़े, नगर अध्यक्ष सागर मेवाड़े, नगर संयोजक संतोष राणा, नगर सत्संग प्रमुख सुदर्शन मेवाड़े, नगर मठ मंदिर प्रमुख हर्षित मेवाड़े, वार्ड कर्मठ कार्यकर्त्ता युवा मोर्चा ललित मालवीय, युवा मोर्चा मंडल मंत्री गौरव दुबे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। राहुल सेन विहिप कार्यकर्त्ता, साहिल विश्वकर्मा, चिंटू संजोदिया, योगेश मेहर, घनश्याम चौहान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

### इधर बजरंग दल सदस्य भी अभियान में शामिल

इस उपलक्ष मेंआज ग्राम बाग देरीठाकुर बर्नियाखेड़ी चांदपुर फतूखेड़ी गोपालपुरमें टपरिया गुराडिया अयोध्या से आए पूजित अक्षत को वितरण किया गया। वहां पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड संयोजक चेतराम गुर्जर हरि गुर्जर दिनेश सेन अनिल गोड देवराज सेन अर्जुन रामकेश सतीश गौड़ पर्वत सीताराम श्रीराम महेंद्र श्रीराम एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अधिकारी करता उपस्थित रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम खमलाय पहुंची : हम सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रही हर मां का दर्द समझते हैं : चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कालापीपल जनपद के खमलाय ग्राम पहुंची, जहां सरपंच नगीना देवी, प्रतिनिधि कमल सिंह वर्मा व पंचायत प्रशासन द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कालापीपल विधानसभा के भाजपा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम पूज्यनीय छाया चित्रों का पूजन वंदन किया, तत्पश्चात नन्ही बालिकाओं का कन्या पूजन भी किया। संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारियां दी व लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण किया गया।

### भाजपा और माता बहनों के सम्मान में बोले विधायक घनश्याम चंद्रवंशी

खमलाय में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक चंद्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी को हर वर्ग के लिए अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि हम सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रही हर मां बहन का दर्द समझते हैं। बात चाहे कच्चे मकान की हो, भोजन का अभाव, बिजली पानी की अव्यवस्था या इलाज का आभाव हर प्रकार का संभव प्रयास हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए किया है। और इन सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम जिसने किया वह भारतीय जनता पार्टी है और नरेंद्र मोदी को यह सारी शक्ति देने वाले आप जैसे मतदाताओं को मैं मंच से प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से भारत को एक मजबूत नेतृत्व मिला है। भाजपा ने काम के नाम पर वोट मांगे हैं, हर वर्ग का विशेष ध्यान रख उनकी चिंता की है। हम राम की बात करेंगे तो काम की बात भी करेंगे, परंतु धर्म और संस्कृति को लेकर चलने वाली पार्टी केवल भाजपा ही है। हमने गैस चूल्हा, शौचालय से लेकर पक्के आवास तक लोगों को दिए हैं। हम धर्म को साथ लेकर अपने काम के आधार पर लोगों के बीच पहुंचाते हैं और जात-पात पर लोगों को लड़ाने का नाम काम केवल और केवल कांग्रेस ने किया है। हमने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, नोटबंदी जैसे असंभव कार्यों को भी आपके एक वोट के बलबूते संभव कर दिखाया है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन मंदिर में होंगे और यह सब मोदी जी के कारण ही संभव हो पाया है। परंतु कांग्रेस ने निमंत्रण अस्वीकार कर मंदिर को केवल भाजपा और आरएसएस का ही विषय बताया है। किसानों से लगाकर हर वर्ग का ध्यान रखने वाली भाजपा आज आपके बीच में अपने हर कार्यों के कारण खरा उतर रही है। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल घोटाले ही किए हैं जो उसकी पहचान है। हमारी सरकार ने 13 करोड़ रुपए के काम अकेले खमलाय ग्राम में ही दिए हैं और आगे भी करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी। मंच से आपसी मतभेद भूलाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील कर कहा कि लाख विरोध के बाद भी आप सभी ने मुझे मत रुपी आशीर्वाद दिया इसलिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा।

